# बी टाउन की बेबाक अदाकारा हुमा कुरैशी का खुलासा



**हुमा** कुरैशी ने हाल ही में अपने करियर के शुरुआती दिनों से जुड़ा एक अहम खुलासा किया. उन्होंने बताया कि जब वह इंडस्ट्री में कदम रख रही थीं, तो उन्हें नाम बदलने की सलाह मिली थी. इसका कारण था कि पाकिस्तान की अभिनेत्री हुमा खान के नाम से उनके जुड़ जाने का डर था. प्रोडक्शन हाउस ने सुझाव दिया कि उनका नाम बदल देना बेहतर होगा, ताकि दर्शकों और इंडस्ट्री में किसी प्रकार का भ्रम न पैदा हो.

लेकिन हुमा ने इसका जवाब बेहद बेबाक अंदाज में दिया. उन्होंने कहा कि वह दिल्ली की लड़की हैं और बचपन से उनका नाम 'हुमा कुरैशी' है, इसलिए वह इसे कभी नहीं बदलेंगी. यह खुलासा उनकी आत्मविश्वास और अपनी पहचान को बनाए रखने की सोच को दिखाता है. हुमा कुरैशी इंडस्ट्री की उन कलाकारों में से हैं जो किसी भी मुद्दे पर अपनी राय देने से पीछे नहीं हटतीं. इस बीच, हुमा अपनी अपकमिंग फिल्म टॉक्सिक के कारण भी चर्चा में हैं. फिल्म में वह एलिजाबेथ की भूमिका निभा रही हैं और साउथ सुपरस्टार यश के साथ स्क्रीन शेयर करती दिखेंगी. फिल्म का फर्स्ट लुक पहले ही रिलीज हो चुका है और दर्शकों में उत्सुकता पैदा कर रहा है. टॉक्सिक की कहानी, रोमांचक तत्व और हुमा की दमदार एक्टिंग दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचेगी. हुमा का यह खुलासा यह भी दिखाता है कि इंडस्ट्री में नए कलाकारों को कितनी तरह की सलाह मिलती है और कई बार यह सलाह व्यक्तिगत पहचान के साथ टकराती है. इसके बावजूद, हुमा ने साबित कर दिया कि आत्मविश्वास और अपनी पहचान बनाए रखना सबसे महत्वपूर्ण है. उनके इस बेबाक रवैये ने उन्हें इंडस्ट्री में एक अलग और मजबूत पहचान दी है.

फिल्म टॉक्सिक 4 जून 2026 को रिलीज होगी और इसके साथ ही दर्शकों को हुमा की नई भूमिका देखने का अवसर मिलेगा.

# लैक्मे रैंप पर सिद्धांत का स्वैग



**बॉलीवुड** अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी ने लैक्मे फैशन वीक में उन्होंने अपनी वाइब के साथ एफर्टलेस स्वैग, कूल अंदाज़ और जबरदस्त स्टेज प्रेज़ेंस से अपने रैंप वॉक को एक यादगार पल में बदल दिया. सिद्धांत ने पूरे कॉन्फिडेंस और अपने बेफिक्र सिग्नेचर स्टाइल के साथ रैंप पर उतरते ही सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया. लेकिन इस मोमेंट को खास बनाने वाली बात थी उनका अपने ही बनाए हुए ट्रैक पर वॉक करना, जिसने इस पूरे शो में एक पर्सनल और थोड़ा रेबेलियस टच जोड़ दिया.

रैंप उस वक्त सिर्फ रैंप नहीं रहा, बल्कि उनका अपना स्टेज बन गया. हर कदम के साथ उन्होंने एटीट्यूड, रिदम और वो रॉ एनर्जी दिखाई, जो उन्हें भीड़ से अलग बनाती है. ये सिर्फ फैशन नहीं था, ये एक पूरी वाइब थी. बोल्ड और कंटेम्पररी आउटफिट में नजर आए सिद्धांत ने सिर्फ स्टाइल ही नहीं, बल्कि अपनी प्रेज़ेंस भी शानदार तरीके से पेश की, एक ऐसी प्रेज़ेंस जो एफर्टलेस, कॉन्फिडेंट और पूरी तरह से कूल थी. गौरतलब है कि सिद्धांत चतुर्वेदी अपने दमदार एक्टिंग के साथ-साथ फैशन, म्यूजिक और परफॉर्मेंस की सीमाओं को लगातार तोड़ते जा रहे हैं, और लैक्मे फैशन वीक में उनके सदाबहार अंदाज़ने इस बात को साबित कर दिया है.


# नागार्जुन ने फिल्म धुरंधर : द रिवेंज की तारीफ की

**दक्षिण** भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार नागार्जुन ने हाल ही में रिलीज हुई धुरंधर: द रिवेंज की जमकर सराहना की है. यह फिल्म 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और रिलीज के साथ ही दर्शकों के साथ-साथ फिल्मी जगत के कई बड़े सितारों का ध्यान अपनी ओर खींचने में सफल रही है. खास तौर पर फिल्म के दमदार निर्देशन, तकनीकी गुणवत्ता और कलाकारों के अभिनय की काफी तारीफ हो रही है.

फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे रणवीर सिंह के प्रदर्शन को भी खूब सराहा जा रहा है. उनकी ऊर्जा, स्क्रीन प्रेजेंस और किरदार में डूबकर अभिनय करने की शैली ने दर्शकों को प्रभावित किया है. वहीं फिल्म के निर्देशक आदित्य धर को भी उनके विजन और प्रस्तुति के लिए खूब सराहना मिल रही है.

नागार्जुन ने हाल ही में यह फिल्म देखी और इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया साझा की. उन्होंने लिखा कि यह एक 'अविश्वसनीय फिल्म' है, जिसने उन्हें पूरी तरह से चौंका दिया. उन्होंने कहा कि फिल्म का अनुभव इतना प्रभावशाली था कि वह इसके बारे में सोचना बंद नहीं कर पा रहे हैं. नागार्जुन के अनुसार, यह उन फिल्मों में से एक है जो दर्शकों को प्रेरित करती हैं और सिनेमा को देखने और बनाने के नजरिए को बदलने की क्षमता रखती हैं.

उन्होंने अपने संदेश में फिल्म की पूरी टीम की भी दिल खोलकर तारीफ की. खासतौर पर उन्होंने निर्देशन, कैमरा वर्क, संगीत, साउंड डिजाइन, एक्शन और आर्ट डिपार्टमेंट की सराहना की. नागार्जुन ने सभी कलाकारों के प्रदर्शन को भी शानदार बताते हुए उन्हें सलाम किया.



# सान्या ने दिखाया नया अंदाज




**बॉलीवुड** अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा की आने वाली फिल्म सुंदर पूनम की पहली झलक रिलीज हो चुकी है. फिल्म का फर्स्ट लुक सोशल मीडिया पर सामने आते ही चर्चा में आ गया है. इसमें सान्या मल्होत्रा दुल्हन के जोड़े में नजर आ रही हैं और उनका फोन लगातार बज रहा है, जिसमें 'सुंदर' और 'राजू' नाम के नंबर से कॉल आ रहे हैं. इस फर्स्ट लुक ने दर्शकों में उत्सुकता बढ़ा दी है और फिल्म की कहानी के रहस्यमय पहलू को उजागर किया है.

फिल्म 'सुंदर पूनम' में एक नया शादी-शुदा जोड़ा कश्मीर के हनीमून पर जाता है. हनीमून के दौरान यह जोड़ा अचानक गायब हो जाता है और इसके साथ ही दुल्हन पूनम के बारे में एक ऐसा रहस्य सामने आता है, जो दर्शकों के रोंगटे खड़े कर देता है. फिल्म में पूनम की प्रेम कहानी, जुनून और उलझा हुआ अतीत दर्शकों के लिए बड़ी सस्पेंस और ड्रामा लेकर आता है. फिल्म का कथानक रोमांस और थ्रिलर का बेहतरीन मिश्रण प्रस्तुत करता है, जो देखने वालों को अंत तक बांधे रखेगा.

इस फिल्म में आदित्य रावल और विक्रम मल्होत्रा भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे. फिल्म की कहानी और किरदारों का मिश्रण दर्शकों को भावनात्मक और रोमांचक अनुभव प्रदान करेगा. इसके अलावा, फिल्म के सिनेमेटोग्राफी, लोकेशन और विजुअल इफेक्ट्स इसे और भी आकर्षक बनाने में मदद करेंगे. 'सुंदर पूनम' के निर्देशक पुलकित हैं, जिन्होंने फिल्म के हर दृश्य को रोमांचक और प्रभावशाली बनाने का पूरा ध्यान रखा है.

# अली फजल ने शूटिंग के बाद लिया छोटा ब्रेक



**बॉलीवुड** अभिनेता अली फज़ल ने कई महीनों तक लगातार शूटिंग और व्यस्त ट्रैवल शेड्यूल के बाद अब थोड़ा ब्रेक लेने का फैसला किया है, जिससे वे खुद को फिर से तरोताज़ा कर सकें.अली फजल पिछले कुछ समय से फिल्मों और सीरिज़ के कई प्रोजेक्ट्स को एक साथ संभाल रहे थे और उन्हें आराम का बहुत कम समय मिल पा रहा था.

विभिन्न शोज़ के लिए यात्रा करने से लेकर बहुप्रतीक्षित मिर्ज़ापुर द मूवी की शूटिंग तक, अली का शेड्यूल काफी व्यस्त रहा है. इसके साथ ही वह बंटवारा 1947 और लस्ट सिरीज़ 3 जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स पर भी काम कर रहे हैं, जिससे वे अलग-अलग जॉनर और प्लेटफॉर्म्स में लगातार व्यस्त हैं.


इतने व्यस्त शेड्यूल के बीच अली ने अब कुछ समय के लिए काम से दूरी बनाकर आराम करने का फैसला किया है. वह इस ब्रेक का इस्तेमाल रिलैक्स करने, खुद को रीसेट करने और थोड़ा शांत समय बिताने के लिए करना चाहते हैं, जिससे अगली शूटिंग शुरू करने से पहले नई ऊर्जा के साथ लौट सकें.

अली फजल ने इस ब्रेक के बारे में बात करते कहा, 'पिछले कुछ महीने काफी व्यस्त रहे हैं, लगातार ट्रैवल और लंबी शूटिंग के साथ.

# अभय वर्मा ने फिल्म दिलकशी की शूटिंग शुरू की

**बॉलीवुड** अभिनेता अभय वर्मा ने अपनी आने वाली फिल्म दिलकशी की शूटिंग शुरू कर दी है. अभय वर्मा ने फिल्म 'दिलकशी' को लेकर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'ऐसा लगता है कि मेरा काम अब उन लोगों तक पहुंचा है, जिन्हें मैं हमेशा से देखता और सराहता आया हूं. ए. आर. रहमान सर, हंसल मेहता सर और लिजो जोस पेलिसरी सर मेरे लिए हमेशा से प्रेरणा रहे हैं और उनके साथ मेरा नाम लिया जाना आज भी अविश्वसनीय लगता है. वे हर मायने में मेरे गुरु रहे हैं. ऐसे पल आपको किसी बड़ी शक्ति, किस्मत और ऊपरवाले पर थोड़ा और यकीन दिलाते हैं.'

# सितारों ने मंच पर बिखेरा प्यार का रंग



जी कुटुंब अवॉर्ड्स 2026 की शाम प्यार, जज़्बात और शानदार परफॉर्मेंस से भरपूर रही, जहां ज़ी टीवी के पॉपुलर ऑन-स्क्रीन कपल्स ने अपने खूबसूरत एक्ट्स के जरिए अपनी केमिस्ट्री का जादू बिखेरा. 'तुम से तुम तक' में 'अनु' और 'आर्यवर्धन' का किरदार निभा रहे निहारिका चौकसे और शरद केलकर ने एक ड्रीमी रोमांटिक परफॉर्मेंस दी. दोनों ने अपने ग्रेसफुल मूव्स और जबर्दस्त केमिस्ट्री से सभी का दिल जीत लिया. अनु खूबसूरत येलो गाउन में बेहद प्यारी लग रही थीं, वहीं आर्यवर्धन क्लासिक व्हाइट सूट में उन्हें पूरी तरह कॉम्प्लीमेंट कर रहे थे. इस शाम में दमदार ड्रामे का तड़का लगाया 'जगद्धात्री' के 'शिवाय' और 'जगद्धात्री' यानी सोनाक्षी बत्रा और फरमान हैदर ने. उनकी परफॉर्मेंस में उनके रिश्ते की झलक साफ दिखी, जहां शिवाय का जगद्धात्री के लिए सम्मान और साथ नजर आया, खासकर उस पल में जब वो गुंडों से भिड़ती नजर आई. इस एक्ट ने शो की एक्शन से भरी कहानी को मंच पर शानदार तरीके से पेश किया. 'वसुधा' के 'देव' और 'वसुधा' यानी अभिषेक शर्मा और प्रिया ठाकुर ने अपने दिल छू लेने वाले एक्ट के जरिए पहले प्यार की मासूमियत और खुशी को खूबसूरती से दिखाया, जिसने मंच पर एक प्यारा और यादगार पल बना दिया. वहीं 'जाने अनजाने हम मिले' के 'राघव' और 'रीत' यानी भरत अहलावत और आयुषी खुराना ने एक इमोशनल परफॉर्मेंस दी, जिसमें उनके रिश्ते के उस सफर को दिखाया गया, जहां वो अपनी जिंदगी के एक नए पड़ाव की ओर बढ़ रहे हैं. दोनों ही व्हाइट आउटफिट में बेहद खूबसूरत लग रहे थे, खासकर रीत का व्हाइट गाउन और उनका बेबी बंप इस एक्ट का सबसे दिल छू लेने वाला हिस्सा बना.

# कलाकारों ने साझा किया समर स्किनकेयर रूटीन!



गर्मियों का मौसम आते ही स्किनकेयर रूटीन में बदलाव करना जरूरी हो जाता है. बढ़ता तापमान, नमी और तेज धूप त्वचा पर असर डालते हैं, ऐसे में हल्के और असरदार ब्यूटी रूटीन अपनाना जरूरी है, ताकि त्वचा स्वस्थ और दमकती बनी रहे. एण्डटीवी के कलाकारों ने अपने समर स्किनकेयर और हेयरकेयर के खास टिप्स साझा किए, जिससे वे इस मौसम में अपनी त्वचा और बालों को फ्रेश और सुरक्षित रखते हैं. इस कड़ी में सीरत कपूर ('घरवाली पेड़वाली' की सावी) और विदिशा श्रीवास्तव ('भाबीजी घर पर हैं 2.0' की अनीता भाबी) ने अपने ब्यूटी सीक्रेट्स साझा किए. 'घरवाली पेड़वाली' में सावी का किरदार निभा रहीं सीरत कपूर ने कहा, 'मेरे लिए समर स्किनकेयर का मतलब है हल्का लेकिन असरदार रूटीन अपनाना. मैं दिन की शुरुआत एक जेंटल जेल-बेस्ड क्लींजर से करती हूं, जो पसीना और गंदगी हटाता है. सनस्क्रीन मेरे लिए बेहद जरूरी है, खासकर आउटडोर शूट्स के दौरान. मैं हमेशा एक हाइड्रेटिंग फेस मिस्ट का इस्तेमाल करती हूं, जो लंबे काम के दौरान त्वचा को तुरंत ताजगी देता है. रात में मैं एलोवेरा-बेस्ड मॉइश्चराइज़र लगाना पसंद करती हूं, जो धूप से हुए नुकसान को ठीक करने में मदद करता है.





# 1226 किमी रेंज वाली नई हाइब्रिड एसयूवी

**भारत** में हाइब्रिड गाड़ियों की मांग तेजी से बढ़ रही है और इसी कड़ी में एक नई प्लग-इन हाइब्रिड एसयूवी का पेटेंट सामने आया है. यह फुल-साइज लग्जरी एसयूवी चीन के स्टार्टअप ब्रैंड रॉक्स मोटर की है, जिसका नाम एडमस बताया जा रहा है. अपनी लंबी रेंज और जबरदस्त परफॉर्मेंस के चलते यह गाड़ी चर्चा में बनी हुई है.

इस एसयूवी की सबसे बड़ी खासियत इसकी 1226 किलोमीटर तक की कुल रेंज है, जो इसे लंबी दूरी के सफर के लिए बेहद खास बनाती है. इसमें 1.5 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन के साथ 56.01 किलोवाट-घंटा की बैटरी दी गई है. यह प्लग-इन हाइब्रिड सिस्टम ड्यूल मोटर और फुल-टाइम फोर-व्हील ड्राइव तकनीक के साथ आता है, जिससे यह गाड़ी 469 बीएचपी की ताकत और 740 न्यूटन मीटर का टॉर्क देती है. यह एसयूवी महज 5.5 सेकंड में 0 से 100 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार पकड़ सकती है, जो इसे बेहद तेज बनाता है.

डिजाइन की बात करें तो यह एक बॉक्सी स्टाइल वाली मजबूत एसयूवी है. इसका फ्रंट लुक दमदार ग्रिल और इंटीग्रेटेड डे-टाइम रनिंग लाइट्स के साथ आता है. इसकी सीधी रूफलाइन और विंडो लाइन इसे क्लासिक एसयूवी लुक देती हैं. खास बात यह है कि इसका स्पेयर व्हील पीछे टेलगेट पर लगाया गया है, जो इसे ऑफ-रोडिंग के लिए तैयार दिखाता है. यह एसयूवी 770 मिलीमीटर तक पानी में चल सकती है, जिससे इसकी ऑफ-रोड क्षमता भी साबित होती है.

इंटीरियर में यह एसयूवी पूरी तरह लग्जरी का अहसास कराती है. इसमें नैप्पा लेदर सीटें, सॉफ्ट हेडलाइनर, तीन-ज़ोन क्लाइमेट कंट्रोल और बड़े आकार की हाई-रिजॉल्यूशन स्क्रीन दी गई हैं.

कुल मिलाकर, यह नई हाइब्रिड एसयूवी पावर, लग्जरी और लंबी रेंज का शानदार संयोजन पेश करती है. अगर यह भारतीय बाजार में लॉन्च होती है, तो यह प्रीमियम एसयूवी सेगमेंट में एक मजबूत विकल्प बन सकती है.

# नए लुक में ह्युंडई एक्स्टर



**ह्युंडई** एक्स्टर कंपनी की सबसे छोटी स्पोर्ट्स यूटिलिटी गाड़ी है, जो वेन्यू से नीचे आती है. हाल ही में इसका नया फेसलिफ्ट मॉडल पेश किया गया है. इस नए संस्करण में कोई बहुत बड़ा बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन छोटे-छोटे सुधारों के जरिए इसे पहले से ज्यादा आकर्षक और आधुनिक बनाने की कोशिश की गई है. यह गाड़ी खासतौर पर उन लोगों के लिए है जो शहर में चलाने के लिए कॉम्पैक्ट और स्टाइलिश वाहन चाहते हैं.

सबसे बड़ा बदलाव इसके डिजाइन में देखने को मिलता है. नई एक्स्टर का अगला हिस्सा पहले से ज्यादा मुलायम और थोड़ा गोल दिखाई देता है. इसमें नई ग्रिल, नया बंपर और सिल्वर फिनिश वाली स्किड प्लेट दी गई है, जो इसे प्रीमियम लुक देती है. इसके साथ ही नई बैजिंग भी जोड़ी गई है. साइड प्रोफाइल में ज्यादा बदलाव नहीं है, लेकिन 15 इंच के नए डिजाइन वाले अलॉय व्हील्स इसे और आकर्षक बनाते हैं. पीछे की तरफ भी हल्के बदलाव किए गए हैं, जैसे नया स्पॉइलर और अपडेटेड बंपर. इसके अलावा गोल्डन ब्रॉन्ज और मैट फिनिश जैसे नए रंग विकल्प इसे और खास बनाते हैं.

इंटीरियर में भी कुछ अच्छे बदलाव किए गए हैं. पहले जहां पूरी केबिन काले रंग में होती थी, अब इसमें नया रंग संयोजन दिया गया है, जिससे अंदर का माहौल ज्यादा प्रीमियम लगता है. डैशबोर्ड का डिजाइन भी थोड़ा बदला गया है. सुविधाओं की बात करें तो इसमें अब मेटल पैडल, समायोजित होने वाला आर्मरेस्ट और बिना तार के मोबाइल कनेक्टिविटी जैसी सुविधाएं दी गई हैं. चालक की सीट की ऊंचाई समायोजन जैसी सुविधा अब ज्यादा वेरिएंट्स में मिलती है. हालांकि 8 इंच की स्क्रीन और डैश कैम जैसे फीचर पहले की तरह ही मौजूद हैं.

इंजन के मामले में कोई बदलाव नहीं किया गया है. इसमें वही 1.2 लीटर पेट्रोल और सीएनजी इंजन दिया गया है, जो शहर के उपयोग के लिए उपयुक्त है. इसमें टर्बो इंजन का विकल्प अभी भी नहीं मिलता. कुल मिलाकर, नई एक्स्टर फेसलिफ्ट में छोटे लेकिन जरूरी बदलाव किए गए हैं, जो इसे पहले से ज्यादा आधुनिक और उपयोगी बनाते हैं, जबकि इसकी मूल खूबियां पहले जैसी ही बनी हुई हैं.

# लंबी अवधि वाला संपूर्ण कार बीमा

## गाड़ी और पैसे दोनों की पूरी सुरक्षा

**आज** के समय में सही मोटर बीमा चुनना बेहद जरूरी हो गया है, क्योंकि यह न सिर्फ आपकी गाड़ी बल्कि आपके आर्थिक सुरक्षा कवच का भी काम करता है. इसी कड़ी में लंबी अवधि वाला संपूर्ण कार बीमा तेजी से लोकप्रिय हो रहा है. यह उन लोगों के लिए खास है जो बार-बार बीमा नवीनीकरण की झंझट से बचना चाहते हैं और लंबे समय तक लगातार सुरक्षा चाहते हैं.

लंबी अवधि वाला संपूर्ण कार बीमा आमतौर पर तीन साल तक के लिए लिया जाता है. इसमें दो तरह की सुरक्षा मिलती है—एक तीसरे पक्ष के नुकसान की और दूसरी अपनी गाड़ी के नुकसान की. सामान्य एक साल की पॉलिसी के विपरीत इसमें एक बार प्रीमियम जमा करने के बाद कई सालों तक कवर मिलता रहता है. इससे हर साल नवीनीकरण कराने की परेशानी खत्म हो जाती है.



इस बीमा में गाड़ी को कई तरह के जोखिमों से सुरक्षा मिलती है. अगर गाड़ी का दुर्घटना हो जाए, आग लग जाए, चोरी हो जाए या बाढ़, भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाएं हों, तो इन सभी स्थितियों में नुकसान की भरपाई की जाती है. साथ ही अगर किसी तीसरे व्यक्ति को चोट लगती है या उसकी संपत्ति को नुकसान होता है, तो उसका खर्च भी बीमा कंपनी उठाती है.

इस पॉलिसी की खास बात यह है कि इसका प्रीमियम शुरुआत में ही तय हो जाता है. यानी आने वाले वर्षों में महंगाई या मरम्मत खर्च बढ़ने का असर आप पर नहीं पड़ता. इसके अलावा बीमा कंपनियां इसमें कई अतिरिक्त सुविधाएं भी देती हैं, जैसे जीरो मूल्यह्रास कवर, इंजन सुरक्षा, सड़क किनारे सहायता और चालान मूल्य वापसी कवर.

# ट्रॉयम्फ की नई 350 सीसी मोटरसाइकिल

## सस्ती कीमत में दमदार विकल्प

**भारत** में दोपहिया वाहनों की मांग लगातार बढ़ रही है और मोटरसाइकिल सेगमेंट इसमें बड़ी भूमिका निभा रहा है. इसी बीच ट्रॉयम्फ कंपनी जल्द ही भारतीय बाजार में अपनी नई 350 सीसी क्षमता वाली मोटरसाइकिल रेंज पेश कर सकती है. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कंपनी एक से अधिक नए मॉडल लाने की तैयारी में है, जिससे इस सेगमेंट में प्रतिस्पर्धा और तेज हो सकती है.

जानकारी के मुताबिक ट्रॉयम्फ अब 400 सीसी के साथ-साथ 350 सीसी सेगमेंट में भी कदम रखने जा रही है. फिलहाल कंपनी 400 सीसी इंजन वाली मोटरसाइकिलें उपलब्ध कराती है, लेकिन इस श्रेणी पर अधिक कर लगता है, जिससे उनकी कीमत बढ़ जाती है. ऐसे में 350 सीसी सेगमेंट कंपनी के लिए एक किफायती और व्यापक ग्राहक वर्ग तक पहुंचने का बेहतर विकल्प साबित हो सकता है.

नई मोटरसाइकिलों को अप्रैल के पहले सप्ताह में आधिकारिक तौर पर पेश किया जा सकता है, हालांकि कंपनी की ओर से अभी इसकी पुष्टि नहीं की गई है. अगर यह लॉन्च तय समय पर होता है, तो आने वाले महीनों में यह मोटरसाइकिल बाजार में हलचल मचा सकती है.

नई 350 सीसी मोटरसाइकिल की सबसे बड़ी खासियत इसकी कम कीमत हो सकती है. इस सेगमेंट पर अपेक्षाकृत कम कर लगाया जाता है, जिससे इसकी कीमत 400 सीसी मोटरसाइकिलों के मुकाबले 20 से 25 हजार रुपये तक कम हो सकती है. इससे यह मोटरसाइकिल आम ग्राहकों के लिए ज्यादा सुलभ बन सकती है.

इस नई मोटरसाइकिल का सीधा मुकाबला रॉयल एनफील्ड और होंडा की 350 सीसी श्रेणी की मोटरसाइकिलों से होगा, जो पहले से ही इस बाजार में मजबूत पकड़ बनाए हुए हैं. ऐसे में ट्रॉयम्?फ को अपनी नई पेशकश में डिजाइन, प्रदर्शन और कीमत का संतुलन बनाए रखना होगा. कुल मिलाकर, ट्रॉयम्फ की यह नई 350 सीसी मोटरसाइकिल भारतीय बाजार में एक किफायती, दमदार और आकर्षक विकल्प बनकर उभर सकती है.

